दिनांक : 19.09.2025 समय : 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

...

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री कल गुजरात का करेंगे दौरा, 34 हजार 200 करोड़ रूपयों की विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।
- मुख्यमंत्री ने रीवा के त्योंथर में पराली से बायोगैस बनाने के प्लांट का किया भूमिपूजन।
- सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- एशिया कप क्रिकेट में अब से कुछ देर बाद अबूधाबी में भारत का मुकाबला ओमान से।

प्रधानमंत्री गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गुजरात का दौरा करेंगे। वे भावनगर में 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में भाग लेंगे और 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री धोलेरा का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। साथ ही एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे और लोथल स्थित राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का दौरा करेंगे।

मुख्यमंत्री रीवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रीवा जिले के त्योंथर में आयोजित विंध्य विकास संकल्प सम्मेलन में सहभागिता की। उन्होंने लगभग ₹125 करोड़ की लागत से स्थापित होने वाले कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कुल 162 करोड़ रूपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा इस संयंत्र में पराली के माध्यम से बायोफ्यूल बनाया जायेगा।

सेवा पर्व - जनजातीय सशक्तिकरण

सेवा और सुशासन अर्थात जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। हमारी विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में आज हम बता रहे हैं कि कैसे

मोदी सरकार ने जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाया है और उनके जीवन स्तर में सुधार किया है।

सेवा पखवाड़ा प्रदेश

प्रदेश में सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ग्वालियर में नशा मुक्ति, स्वच्छता एवं विकसित भारत का संदेश देने के लिये 21 सितम्बर को "नमो मैराथन" दौड़ आयोजित होने जा रही है। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस खण्डवा में आज जैविक खेती के संबंध में समूह चर्चा का आयोजन किया गया। रायसेन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने अधिकारियों को स्वास्थ्य शिविर और एक बगिया मॉ के परियोजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए । बैतुल में "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय प्रभात पट्टन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छोत्सव का आयोजन किया गया। जबलपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में नौजवान एकता संगठन द्वारा पौधारोपण किया गया।

जीएसटी सुधार-ऑटो क्षेत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से वसत्तु और सेवा कर- जीएसटी में सुधारों की घोषणा की थी। नई दरें सोमवार से से लागू होंगी जिससे लोगों को फायदा मिलेगा। आज हम ऑटोमोबाइल उद्योग पर एक नजर डाल रहे हैं।

मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 4 दिन तक हल्की बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है।
मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए बुरहानपुर, खरगौन और बड़वानी सहित आठ जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच कल निवाड़ी और बड़वानी जिलों में भारी वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक बारिश निवाड़ी में 3.7 इंच

हुई। भोपाल, जबलपुर, दतिया, इंदौर, श्योपुर, उज्जैन, मंडला, रीवा, टीकमगढ़, उमरिया, बालाघाट, राजगढ़ में भी हल्की बारिश हुई।

एशिया कप क्रिकेट

एशिया कप टी-20 क्रिकेट में आज भारत अपना अंतिम ग्रुप मैच ओमान के साथ अब से कुछ देर बाद अबुधाबी में खेलेगा।
भारत अपने शुरुआती दोनों मुकाबलों में शानदार जीत के साथ ग्रुप-ए की अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद है।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का कल अशोकनगर जिले के ग्राम रूसल्ला में प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों को लेकर आज कलेक्टर आदित्य सिंह ने निरीक्षण किया।
- सेवा पखवाड़ा के तहत 'स्वच्छता' अभियान के तीसरे दिन आज आगरमालवा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में लगभग 50 पौधे रोपे गए।
- शहडोल जिले में कल 20 सितंबर को नवसाक्षरों के लिए साक्षर मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के लिए 800 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं।
- झाबुआ जिले में बोर्ड परीक्षा परिणाम और शिक्षा गुणवत्ता सुधार को लेकर जिला स्तरीय शिक्षा प्रकोष्ठ की बैठक हुई।
- नर्मदापुरम जिले के पिपरिया रेलवे हेल्थ यूनिट में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।
- जबलपुर में भी अब पेंशन पाने वाले बुजुर्गों, दिव्यांगों और निराश्रितों को पेंशन के लिए बैंक या पोस्ट ऑफिस के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इसी समस्या को हल करने के लिए 'पेंशन आपके द्वार' योजना शुरू की गई है।
- सीहोर के कलेक्टर के निर्देश पर जिले में जन भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देने के उद्देश्य से जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है।

- एम्स भोपाल में स्तन कैंसर के उन्नत इलाज से बेहतर परिणाम और महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता में सुधार" को लेकर कार्यशाला आयोजित हुई।

....